www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Series : R2QPS** **SET~1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **67/2/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# लेखाशास्त्र
# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे*
*Time allowed : **3** hours*

*अधिकतम अंक : **80***
*Maximum Marks : **80***

**नोट :**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **39** हैं ।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

**NOTE :**

(I) Please check that this question paper contains **39** printed pages.

(II) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) Please check that this question paper contains **34** questions.

(IV) **Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **दो** भागों में विभाजित है : **भाग – क** तथा **भाग – ख** ।*

*(iii)* ***भाग – क** सभी परीक्षार्थियों के लिए **अनिवार्य** है ।*

*(iv)* ***भाग – ख** के **दो** विकल्प हैं । परीक्षार्थियों को केवल **एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।*

***विकल्प-I : वित्तीय विवरणों का विश्लेषण***

***विकल्प-II : अभिकलित्र लेखांकन***

*(v)* *प्रश्न संख्या **1** से **16** (भाग-क) तथा प्रश्न संख्या **27** से **30** (भाग-ख) बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **17** से **20** (भाग-क) तथा प्रश्न संख्या **31** और **32** (भाग-ख) लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है ।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या **21, 22** (भाग-क) तथा प्रश्न संख्या **33** (भाग-ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है ।*

*(viii)* *प्रश्न संख्या **23** से **26** (भाग-क) तथा प्रश्न संख्या **34** (भाग-ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है ।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, प्रत्येक भाग के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है ।*

## भाग – क

### (साझेदारी फ़र्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

1. नव्या, कार्तिक तथा समीर एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 3 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । समीर को यह गारंटी दी गयी थी कि किसी भी वर्ष लाभ में उसका भाग ₹ 57,000 से कम नहीं होगा । इस कारण खाते में हुई किसी भी कमी को नव्या तथा कार्तिक बराबर-बराबर वहन करेंगे । 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का लाभ ₹ 4,00,000 था । कार्तिक द्वारा वहन की गयी कमी थी :

(A) ₹ 3,500 (B) ₹ 4,000

(C) ₹ 3,000 (D) ₹ 7,000 **1**

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

**General Instructions :**

**Read the following instructions carefully and follow them :**

(i) *This question paper contains **34** questions. **All** questions are compulsory.*

(ii) *This question paper is divided into **two** Parts : **Part – A** and **Part – B**.*

(iii) ***Part – A** is **compulsory** for all candidates.*

(iv) ***Part – B** has **two** options. Candidates have to attempt only **one** of the given options.*

***Option-I : Analysis of Financial Statements***

***Option-II : Computerised Accounting***

(v) *Questions number **1** to **16** (Part-A) and Questions number **27** to **30** (Part-B) are multiple choice questions. Each question carries **1** mark.*

(vi) *Questions number **17** to **20** (Part-A) and Questions number **31** and **32** (Part-B) are Short answer type questions. Each question carries **3** marks.*

(vii) *Questions number **21, 22** (Part-A) and Question number **33** (Part-B) are Long answer type-I questions. Each question carries **4** marks.*

(viii) *Questions number **23** to **26** (Part-A) and Question number **34** (Part-B) are Long answer type-II questions. Each question carries **6** marks.*

(ix) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in few questions in each of the parts.*

## PART – A

## (Accounting for Partnership Firms and Companies)

1. Navya, Kartik and Samir were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4:3:1. Samir was given a guarantee that his share of profit in any year will not be less than ₹ 57,000. Any deficiency on this account was to be borne by Navya and Kartik equally. The firm earned a profit of ₹ 4,00,000 during the year ended 31st March, 2025. The amount of deficiency borne by Kartik was :

(A) ₹ 3,500 (B) ₹ 4,000

(C) ₹ 3,000 (D) ₹ 7,000 1

www.prepp.in
Prepp Your Personal Exams Guide

2. नंदिता तथा प्रभा फर्नीचर का निर्माण करने वाली एक फर्म के साझेदार थे । वे 8 : 7 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष में नंदिता ने ₹ 80,000 नगद तथा ₹ 20,000 के फर्नीचर का आहरण अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए किया । साझेदारी संलेख में साझेदारों के आहरण पर 6% वार्षिक दर से ब्याज लगाने का प्रावधान था । 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए नंदिता के आहरण पर ब्याज की राशि थी :

(A) ₹ 6,000 (B) ₹ 1,200

(C) ₹ 2,400 (D) ₹ 3,000 1

3. (a) कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसार प्रतिभूति प्रीमियम खाते के शेष का उपयोग नहीं किया जा सकता है :

(A) कम्पनी के प्रारंभिक व्ययों को अपलिखित करने के लिए ।

(B) कम्पनी के अंशों अथवा ऋणपत्रों के निर्गमन पर दिए गए बट्टे की राशि अथवा व्ययों अथवा कमीशन का भुगतान अपलिखित करने के लिए ।

(C) कम्पनी के वर्तमान अंशधारकों को आंशिक रूप से प्रदत्त बोनस अंशों के निर्गमन के लिए ।

(D) कम्पनी के शोधनीय पूर्वाधिकार अंशों या ऋणपत्रों के शोधन पर देय प्रीमियम के प्रावधान के लिए । 1

**अथवा**

(b) जब कम्पनी अंशों का निर्गमन प्रीमियम पर करती है तो कम्पनी द्वारा प्रीमियम की राशि प्राप्त की जा सकती है :

(A) आवेदन राशि के साथ

(B) आबंटन राशि के साथ

(C) माँग राशि के साथ

(D) उपरोक्त में से किसी एक या सभी के साथ 1

4. (a) दिलशाद, अजीत तथा दीपना एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । उनकी स्थायी पूँजी क्रमशः ₹ 5,00,000, ₹ 4,00,000 तथा ₹ 1,00,000 थी । 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के खाते बन्द करने के पश्चात् ज्ञात हुआ कि साझेदारों की पूँजी पर 7% वार्षिक दर से ब्याज लगाने के बदले 6% वार्षिक दर से ब्याज लगाया गया । उपरोक्त अशुद्धि को शुद्ध करने के लिए आवश्यक समायोजन प्रविष्टि होगी :

Prepp
Your Personal Exams Guide

2. Nandita and Prabha were partners in a firm manufacturing furniture. They were sharing profits and losses in the ratio of 8:7. During the year ended 31st March 2025, Nandita withdrew ₹ 80,000 in cash and ₹ 20,000 as furniture for her personal use. The partnership deed provided for charging interest on partner's drawings @ 6% p.a. The amount of interest on Nandita's drawings for the year ended 31st March 2025 was :

(A) ₹ 6,000 (B) ₹ 1,200

(C) ₹ 2,400 (D) ₹ 3,000 **1**

3. (a) As per Companies Act 2013, the balance in Securities Premium Account cannot be utilized for :

(A) Writing off preliminary expenses of the company.

(B) Writing off expenses of or commission paid or discount allowed on issue of shares or debentures of the company.

(C) Issuing partly paid up bonus shares to the existing shareholders of the company.

(D) Providing for premium payable on redemption of redeemable preference shares or debentures of the company. **1**

**OR**

(b) When the company issues shares at a premium, the amount of premium can be received by the company along with :

(A) Application money

(B) Allotment money

(C) Call money

(D) Any of the above or with all the above **1**

4. (a) Dilshad, Ajit and Deepna were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2:2:1. Their fixed capitals were :

₹ 5,00,000, ₹ 4,00,000 and ₹ 1,00,000 respectively. After closing the accounts for the year ended 31st March 2025, it was discovered that interest on partners' capitals was provided @ 6% p.a. instead of 7% p.a. The adjustment entry to rectify the above error will be :

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

**रोज़नामचा**

| | विवरण | नाम राशि (₹) | जमा राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| (A) | दीपना का चालू खाता .... नाम<br>दिलशाद का चालू खाता | 1,000 | <br>1,000 |
| (B) | दिलशाद का चालू खाता.... नाम<br>दीपना का चालू खाता | 1,000 | <br>1,000 |
| (C) | दीपना का पूँजी खाता.... नाम<br>दिलशाद का पूँजी खाता | 1,000 | <br>1,000 |
| (D) | दिलशाद का पूँजी खाता.... नाम<br>दीपना का पूँजी खाता | 1,000 | <br>1,000 |

1

**अथवा**

(b) कबीर, दिव्या तथा मांशा एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 4 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 1 अप्रैल, 2025 से उन्होंने भविष्य के लाभ-हानि 4 : 1 : 5 के अनुपात में बाँटने का निर्णय लिया । इस उद्देश्य के लिए फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 3,00,000 किया गया । लाभ अनुपात में बदलाव के कारण ख्याति के लेखांकन के लिए आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टि होगी :

**रोज़नामचा**

| | विवरण | नाम राशि (₹) | जमा राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| (A) | कबीर का पूँजी खाता ..... नाम<br>दिव्या का पूँजी खाता..... नाम<br>मांशा का पूँजी खाता | 75,000<br>2,25,000 | <br><br>3,00,000 |
| (B) | मांशा का पूँजी खाता..... नाम<br>कबीर का पूँजी खाता<br>दिव्या का पूँजी खाता | 3,00,000 | <br>75,000<br>2,25,000 |
| (C) | मांशा का पूँजी खाता..... नाम<br>कबीर का पूँजी खाता<br>दिव्या का पूँजी खाता | 1,20,000 | <br>30,000<br>90,000 |
| (D) | कबीर का पूँजी खाता..... नाम<br>दिव्या का पूँजी खाता..... नाम<br>मांशा का पूँजी खाता | 30,000<br>90,000 | <br><br>1,20,000 |

1

www.prepp.in

Your Personal Exams Guide

**Journal**

| | Particulars | Dr. Amount (₹) | Cr. Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| (A) | Deepna's Current A/c Dr.<br>To Dilshad's Current A/c | 1,000 | <br>1,000 |
| (B) | Dilshad's Current A/c Dr.<br>To Deepna's Current A/c | 1,000 | <br>1,000 |
| (C) | Deepna's Capital A/c Dr.<br>To Dilshad's Capital A/c | 1,000 | <br>1,000 |
| (D) | Dilshad's Capital A/c Dr.<br>To Deepna's Capital A/c | 1,000 | <br>1,000 |

1

**OR**

(b) Kabir, Divya and Mansha were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5:4:1. With effect from 1st April 2025, they decided to share the future profits and losses in the ratio of 4:1:5. For this purpose, the goodwill of the firm was valued at ₹ 3,00,000. The necessary journal entry for the treatment of goodwill because of change in profit sharing ratio will be :

**Journal**

| | Particulars | Dr. Amount (₹) | Cr. Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| (A) | Kabir's Capital A/c Dr.<br>Divya's Capital A/c Dr.<br>To Mansha's Capital A/c | 75,000<br>2,25,000 | <br><br>3,00,000 |
| (B) | Mansha's Capital A/c Dr.<br>To Kabir's Capital A/c<br>To Divya's Capital A/c | 3,00,000 | <br>75,000<br>2,25,000 |
| (C) | Mansha's Capital A/c Dr.<br>To Kabir's Capital A/c<br>To Divya's Capital A/c | 1,20,000 | <br>30,000<br>90,000 |
| (D) | Kabir's Capital A/c Dr.<br>Divya's Capital A/c Dr.<br>To Mansha's Capital A/c | 30,000<br>90,000 | <br><br>1,20,000 |

1

5. एक साझेदारी फर्म के विघटन पर पूँजी की कमी सहित हानि का सर्वप्रथम भुगतान किया जायेगा :
   (A) साझेदारों द्वारा व्यक्तिगत रूप से तथा बराबर-बराबर
   (B) साझेदारों द्वारा व्यक्तिगत रूप से उनके लाभ-विभाजन अनुपात में
   (C) साझेदारों की पूँजी में से
   (D) लाभों में से 1

6. (a) हीरा लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 2,00,000 समता अंशों को 10% के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । सारी राशि का भुगतान आवेदन पर देय था । 4,00,000 समता अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । कम्पनी ने सभी आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों को आबंटित करने का निर्णय लिया । कम्पनी द्वारा वापिस की गयी राशि थी :

   (A) ₹ 22,00,000 (B) ₹ 20,00,000
   (C) ₹ 24,00,000 (D) शून्य 1

**अथवा**

   (b) ऐसे ऋणपत्र जिनका कम्पनी की परिसम्पत्तियों पर विशिष्ट प्रभार नहीं होता, जाने जाते हैं :
   (A) गैर-परिवर्तनशील ऋणपत्र (B) अशोधनीय ऋणपत्र
   (C) असुरक्षित ऋणपत्र (D) धारक ऋणपत्र 1

7. एक्सियोम लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 30,000, 12% ऋणपत्रों का निर्गमन एक निश्चित बट्टे की दर पर किया, जो तीन वर्ष पश्चात् 10% प्रीमियम पर शोधनीय थे । इन ऋणपत्रों के निर्गमन से पूर्व प्रतिभूति प्रीमियम खाते में ₹ 5,00,000 का शेष था तथा ऋणपत्र निर्गमन पर हुई हानि को अपलिखित करने के पश्चात् प्रतिभूति प्रीमियम खाते का शेष ₹ 50,000 था । इन ऋणपत्रों का निर्गमन किया गया :
   (A) 10% बट्टे पर (B) 12% बट्टे पर
   (C) 5% बट्टे पर (D) 3% बट्टे पर 1

8. (a) जुबिन, निधि तथा रीना एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 1 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । फर्म प्रतिवर्ष 31 मार्च को अपनी पुस्तकें बंद करती है । 31 जुलाई, 2025 को रीना की मृत्यु हो गयी । पिछले स्थिति विवरण की तिथि से उसकी मृत्यु की तिथि तक फर्म के लाभ में उसके भाग की गणना पिछले वर्ष के लाभ के आधार पर की जानी थी । 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म का लाभ ₹ 6,00,000 था । मृत्यु की तिथि तक लाभ में रीना का भाग था
   (A) ₹ 2,40,000 (B) ₹ 6,00,000
   (C) ₹ 60,000 (D) ₹ 80,000 1

**अथवा**

5. In case of dissolution of a partnership firm, the losses, including deficiencies of capital, shall be paid first :
   (A) by partners individually and equally
   (B) by partners individually in their profit sharing ratio
   (C) out of capital of the partners
   (D) out of profits **1**

6. (a) Hira Ltd. invited applications for issuing 2,00,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of 10%. The whole amount was payable with application. Applications were received for 4,00,000 equity shares. The company decided to allot the shares on pro-rata basis to all the applicants. The amount refunded by the company was :
   (A) ₹ 22,00,000 (B) ₹ 20,00,000
   (C) ₹ 24,00,000 (D) Nil **1**

**OR**

   (b) Debentures which do not have a specific charge on the assets of the company are known are :
   (A) Non-convertible debentures (B) Irredeemable debentures
   (C) Unsecured debentures (D) Bearer debentures **1**

7. Xiom Ltd. issued 30,000, 12% debentures of ₹ 100 each at a certain rate of discount, redeemable at 10% premium after three years. Balance in Securities Premium Account before issuing these debentures was ₹ 5,00,000 and after writing off loss on issue of debentures, the balance in Securities Premium Account was ₹ 50,000. These debentures were issued at a discount of :
   (A) 10% (B) 12%
   (C) 5% (D) 3% **1**

8. (a) Zubin, Nidhi and Reena were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2:1:2. The firm closes its books on 31st March every year. On 31st July, 2025 Reena died. Her share in the profits of the firm from the last balance sheet till the date of death was to be calculated on the basis of previous year's profit. The profit of the firm for the year ended 31st March, 2025 was ₹ 6,00,000.
   Reena's share of profit till the date of her death was :
   (A) ₹ 2,40,000 (B) ₹ 6,00,000
   (C) ₹ 60,000 (D) ₹ 80,000 **1**

**OR**

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

(b) पुनीत तथा बिनी की फर्म के विघटन पर ₹ 56,000 की एक अलिखित परिसम्पत्ति ₹ 70,000 के एक अलिखित लेनदार को उसके दावे के पूर्ण निपटान में ₹ 50,000 में दे दी गयी तथा शेष का भुगतान उसे नगद किया गया । वसूली खाते को _____ से _____ किया जायेगा ।

(A) ₹ 20,000, डेबिट  (B) ₹ 20,000, क्रेडिट

(C) ₹ 14,000, डेबिट  (D) ₹ 14,000, क्रेडिट  1

9. शिव, रिया तथा रोहित एक फर्म के साझेदार थे । 1 अक्टूबर, 2024 को रोहित ने फर्म को ₹ 2,00,000 का ऋण साझेदारी समझौते के अनुसार 10% प्रतिवर्ष ब्याज दर पर दिया । फर्म का लेखापाल जोर डाल रहा है कि ऋण पर ब्याज का भुगतान 6% वार्षिक दर से किया जायेगा । 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए ऋण पर भुगतान किए गये ब्याज की राशि होगी :

(A) ₹ 20,000  (B) ₹ 10,000

(C) ₹ 12,000  (D) ₹ 6,000  1

10. (a) समीर, रजत तथा आस्था एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 3 : 1 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2025 को रजत फर्म से सेवानिवृत्त हो गया । रजत की सेवानिवृत्ति के दिन फर्म का स्थिति विवरण कामगार क्षतिपूर्ति कोष में ₹ 2,40,000 का शेष दर्शा रहा था । कामगार क्षतिपूर्ति का ₹ 1,80,000 का दावा था । कामगार क्षतिपूर्ति कोष का लेखांकन करते समय रजत के पूँजी खाते में क्रेडिट की गई राशि होगी :

(A) ₹ 1,20,000  (B) ₹ 20,000

(C) ₹ 30,000  (D) ₹ 10,000  1

**अथवा**

(b) मीरा, वरुण तथा तरुण एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 2 : 3 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । मीरा सेवानिवृत्त हो गयी तथा वरुण एवं तरुण ने भविष्य में लाभ–हानि बराबर–बराबर बाँटने का निर्णय किया । मीरा की सेवानिवृत्ति पर फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 5,00,000 किया गया । ख्याति के लेखांकन के लिए वरुण तथा तरुण के पूँजी खातों में डेबिट की गयी राशि थी :

(A) वरुण ₹ 3,00,000, तरुण ₹ 2,00,000

(B) वरुण ₹ 1,50,000, तरुण ₹ 1,00,000

(C) वरुण ₹ 1,00,000, तरुण ₹ 1,50,000

(D) वरुण ₹ 1,25,000, तरुण ₹ 1,25,000  1

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

(b) On the dissolution of the partnership firm of Puneet and Binny, an unrecorded asset of ₹ 56,000 was given to an unrecorded creditor of ₹ 70,000 in settlement of his claim of ₹ 50,000 and the balance was paid to him in cash. Realisation Account will be _____ by _____.

(A) debited, ₹ 20,000 (B) credited, ₹ 20,000

(C) debited, ₹ 14,000 (D) credited, ₹ 14,000 1

9. Shiv, Riya and Rohit were partners in a firm. On 1st October, 2024 Rohit had given a loan of ₹ 2,00,000 to the firm, at an interest rate of 10% p.a. as per the partnership agreement. The accountant of the firm is emphasizing that interest on loan will be paid at 6% p.a. The amount of interest on loan paid to Rohit for the year ended 31st March, 2025 will be :

(A) ₹ 20,000 (B) ₹ 10,000

(C) ₹ 12,000 (D) ₹ 6,000 1

10. (a) Sameer, Rajat and Aastha were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2:3:1. Rajat retired from the firm on 31st March, 2025. On the date of Rajat's retirement, the Balance Sheet of the firm showed a balance of ₹ 2,40,000 in Workmen Compensation Fund. The claim on account of workmen compensation amounted to ₹ 1,80,000. The amount credited to Rajat's capital account on the treatment of Workmen Compensation Fund would be

(A) ₹ 1,20,000 (B) ₹ 20,000

(C) ₹ 30,000 (D) ₹ 10,000 1

**OR**

(b) Meera, Varun and Tarun were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5:2:3. Meera retired and Varun and Tarun decided to share future profits and losses equally. On Meera's retirement, the goodwill of the firm was valued at ₹ 5,00,000. The amount that was debited to Varun's and Tarun's capital account for the treatment of goodwill was :

(A) Varun ₹ 3,00,000, Tarun ₹ 2,00,000

(B) Varun ₹ 1,50,000, Tarun ₹ 1,00,000

(C) Varun ₹ 1,00,000, Tarun ₹ 1,50,000

(D) Varun ₹ 1,25,000, Tarun ₹ 1,25,000 1

11. अमिता, शिवानी तथा तारूष एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे। वर्ष के अन्त में लाभ में तारूष का भाग ₹ 1,80,000 था। वर्ष के अन्त में लाभ में अनिता का भाग था :

(A) ₹ 2,70,000 (B) ₹ 3,60,000
(C) ₹ 1,80,000 (D) ₹ 2,00,000 **1**

12. 1 अप्रैल, 2024 को वीनार लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के ₹ 5,00,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% बट्टे पर किया। ब्याज अर्धवार्षिक आधार पर प्रतिवर्ष 30 सितम्बर तथा 31 मार्च को देय होता है। 31 मार्च, 2025 को अपलिखित ब्याज की राशि थी :

(A) ₹ 50,000 (B) ₹ 25,000
(C) ₹ 22,500 (D) ₹ 45,000 **1**

13. बिश्न लिमिटेड ने ₹ 9,40,000 के क्रय मूल्य पर नीमी लिमिटेड की ₹ 12,60,000 की परिसम्पत्तियों तथा ₹ 2,40,000 की देयताओं का अधिग्रहण किया। क्रय प्रतिफल का भुगतान करने के लिए बिश्न लिमिटेड ने नीमी लिमिटेड के पक्ष में ₹ 100 प्रत्येक के 12% ऋणपत्रों का निर्गमन 6% बट्टे पर किया। निर्गमित किए गए ऋणपत्रों की संख्या थी :

(A) 12,600 (B) 9,400
(C) 9,600 (D) 10,000 **1**

14. **अभिकथन (A)** : सेवानिवृत्ति पर सेवानिवृत्त साझेदार अथवा मृत्यु पर मृतक साझेदार के निष्पादक ख्याति में उनके भाग के अधिकारी होते हैं।

**कारण (R)** : फर्म द्वारा ख्याति सभी विद्यमान साझेदारों (सेवानिवृत्त तथा मृतक साझेदारों सहित) के प्रयास से अर्जित की जाती है।

निम्न में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) का सही वर्णन है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) का सही वर्णन नहीं है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) गलत है।

(D) अभिकथन (A) गलत है, परन्तु कारण (R) सही है। **1**

prepp
Your Personal Exams Guide

11. Amita, Shivani and Tarush were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4:3:2. Tarush's share of profit at the end of the year amounted to ₹ 1,80,000. Amita's share of profit at the end of the year was :

(A) ₹ 2,70,000 (B) ₹ 3,60,000
(C) ₹ 1,80,000 (D) ₹ 2,00,000 **1**

12. On 1st April, 2024 Vinar Ltd. issued ₹ 5,00,000, 9% debentures of ₹ 100 each at 10% discount. Interest is payable half yearly on 30th September and 31st March every year. The amount of interest written off on 31st March, 2025 was :

(A) ₹ 50,000 (B) ₹ 25,000
(C) ₹ 22,500 (D) ₹ 45,000 **1**

13. Bishan Ltd. acquired assets worth ₹ 12,60,000 and took over liabilities of ₹ 2,40,000 of Nimi Ltd. for a purchase consideration of ₹ 9,40,000. Bishan Ltd. issued 12% debentures of ₹ 100 each at a discount of 6% in favour of Nimi Ltd. for payment of purchase consideration. The number of debentures issued were :

(A) 12,600 (B) 9,400
(C) 9,600 (D) 10,000 **1**

14. **Assertion (A)** : The retiring partner or the executors of the deceased partner are entitled to their share of goodwill at the time of retirement or death.

**Reason (R)** : Goodwill is earned by the firm with the efforts of all the existing partners (including the retiring or deceased partner).

Choose the correct option from the following :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).
(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).
(C) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.
(D) Assertion (A) is incorrect, but Reason (R) is correct. **1**

15. वाणी, वान्या तथा अजय एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । वाणी सेवानिवृत्त हो गयी तथा उसके भाग को वान्या तथा अजय ने 2 : 3 के अनुपात में ले लिया । वाणी के सेवानिवृत्त होने के पश्चात् वान्या तथा अजय का नया लाभ अनुपात था :

(A) 2 : 1 (B) 5 : 3

(C) 3 : 2 (D) 1 : 1 1

16. देवकी तथा नीना एक फर्म की साझेदार थीं तथा 4 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटती थीं । फर्म के लाभों में $\frac{1}{5}$ भाग के लिए अमर को एक नया साझेदार बनाया गया । अमर ने अपने भाग का $\frac{1}{3}$ भाग देवकी से अधिग्रहण किया । अमर ने नीना से कितने भाग का अधिग्रहण किया ?

(A) $\frac{2}{3}$ (B) $\frac{2}{15}$

(C) $\frac{1}{15}$ (D) $\frac{3}{7}$ 1

17. बोस तथा रॉय एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । बोस ने अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म से निम्न राशियों का आहरण किया :

(i) प्रथम तीन महीनों में उसने प्रत्येक महीने के आरंभ में ₹ 3,000 का आहरण किया ।

(ii) शेष महीनों में उसने प्रत्येक महीने के अन्त में ₹ 4,000 का आहरण किया ।

आहरण पर 6% वार्षिक दर से ब्याज प्रभारित किया जाना था । फर्म की पुस्तकें प्रतिवर्ष 31 मार्च को बन्द होती हैं । 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए बोस के आहरण पर ब्याज की गणना कीजिए । 3

18. (a) सरिता तथा वीना एक फर्म की साझेदार थी तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटती थी । 1 अप्रैल, 2024 को उनके पूँजी खातों तथा चालू खातों में निम्न शेष थे :

| विवरण | सरिता (₹) | वीना (₹) |
|---|---|---|
| पूँजी खाते | 4,00,000 | 3,00,000 |
| चालू खाते | 80,000 (क्रेडिट) | 60,000 (डेबिट) |

साझेदारी संलेख में प्रावधान था कि सरिता को ₹ 2,000 प्रतिमाह की दर से वेतन का भुगतान किया जायेगा जबकि वीना को वर्ष भर के लिए ₹ 30,000 का कमीशन मिलना था । पूँजी पर 8% वार्षिक दर से ब्याज देय होगा । 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए सरिता तथा वीना के आहरण क्रमशः ₹ 20,000 तथा ₹ 15,000 थे । 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ-हानि विनियोग खाता तैयार करने के पश्चात् सरिता तथा वीना के चालू खातों में फर्म के विभाज्य लाभ में उनके भाग के रूप में उनके चालू खातों में क्रमश ₹ 36,000 तथा ₹ 24,000 क्रेडिट किए गये ।

सरिता तथा वीना के चालू खाते तैयार कीजिए । 3

**अथवा**

15. Vani, Vanya and Ajay were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5:3:2. Vani retired and her share was taken over by Vanya and Ajay in the ratio of 2:3. The new profit sharing ratio between Vanya and Ajay after Vani's retirement was :

(A) 2:1 (B) 5:3

(C) 3:2 (D) 1:1 **1**

16. Devki and Neena were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4:3. Amar was admitted as a new partner for 1/5th share in the profits of the firm. Amar acquired 1/3rd of his share from Devki. How much share did Amar acquire from Neena ?

(A) 2/3 (B) 2/15

(C) 1/15 (D) 3/7 **1**

17. Bose and Roy were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2:1. Bose withdrew the following amounts from the firm for personal use during the year ending 31st March, 2025 :

(i) For the first three months, he withdrew ₹ 3,000 at the beginning of every month.

(ii) For the remaining months, he withdrew ₹ 4,000 at the end of every month. Interest on drawings was to be charged @ 6% p.a. The books of the firm are closed on 31st March every year. Calculate interest on Bose's drawings for the year ending 31st March, 2025. **3**

18. (a) Sarita and Veena were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3:2. The balance in their capital and current accounts as on 1st April, 2024 were as under :

| Particulars | Sarita (₹) | Veena (₹) |
|---|---|---|
| Capital Accounts | 4,00,000 | 3,00,000 |
| Current Accounts | 80,000 (Cr.) | 60,000 (Dr.) |

The partnership deed provided that Sarita was to be paid salary @ ₹ 2,000 per month whereas Veena was to get commission of ₹ 30,000 for the year. Interest on capital was to be allowed @ 8% p.a. The drawings of Sarita and Veena for the year ended 31st March, 2025 were ₹ 20,000 and ₹ 15,000 respectively. After preparing Profit and Loss Appropriation Account for the year ended 31st March, 2025, ₹ 36,000 and ₹ 24,000 were credited respectively to the current accounts of Sarita and Veena as their share of divisible profit. Prepare Current Accounts of Sarita and Veena. **3**

**OR**

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

(b) मान्या, विवेक तथा विशाल एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । 1 अप्रैल, 2025 से उन्होंने भविष्य में लाभ एवं हानि को 3 : 5 : 2 के अनुपात में बाँटने का निर्णय लिया । 31 मार्च, 2025 को उनका स्थिति विवरण निम्न शेष दर्शा रहा था :

(i) सामान्य संचय ₹ 2,40,000

(ii) लाभ–हानि खाते में ₹ 60,000 का डेबिट शेष

फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 6,00,000 किया गया तथा परिसम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन व देयताओं के पुनर्निर्धारण पर ₹ 2,00,000 का लाभ हुआ । साझेदारों ने सामान्य संचय तथा लाभ–हानि खाते की राशि को बाँटने का निर्णय लिया । उन्होंने यह भी निर्णय लिया कि परिसम्पत्तियों तथा देयताओं के पुनर्मूल्यांकन मूल्यों का लेखा, पुस्तकों में नहीं किया जायेगा ।

उपरोक्त को प्रभावी करने के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । 3

19. (a) मिराया लिमिटेड ने विशाल लिमिटेड की ₹ 70,00,000 की परिसम्पत्तियों तथा ₹ 12,00,000 की देयताओं को ₹ 64,00,000 के क्रय प्रतिफल के बदले ले लिया । विशाल लिमिटेड को क्रय प्रतिफल का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 50,000, 11% ऋणपत्रों को 20% प्रीमियम पर निर्गमित करके तथा शेष का भुगतान चैक द्वारा किया गया ।

मिराया लिमिटेड की पुस्तकों में उपरोक्त लेनदेनों की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । 3

**अथवा**

(b) डेल्टा लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 30,000, 9% ऋणपत्रों को ₹ 30 प्रति ऋणपत्र के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए । सम्पूर्ण राशि का भुगतान आवेदन पर देय था । 40,000 ऋणपत्रों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 2,000 ऋणपत्रों के आवेदनों को अस्वीकार कर दिया गया तथा आवेदन राशि वापिस कर दी गई । शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर ऋणपत्रों का आबंटन कर दिया गया ।

डेल्टा लिमिटेड की पुस्तकों में उपरोक्त लेनदेनों की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । 3

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

(b) Manya, Vivek and Vishal were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5:3:2. With effect from 1st April, 2025, they decided to share future profits and losses in the ratio of 3:5:2. Their Balance Sheet as at 31st March, 2025 showed the following balances :

(i) General Reserve ₹ 2,40,000.

(ii) Debit balance of ₹ 60,000 in Profit and Loss Account.

Goodwill of the firm was valued at ₹ 6,00,000 and revaluation of assets and re-assessment of liabilities resulted in a gain of ₹ 2,00,000. Partners decided to distribute the amount of General Reserve and Profit and Loss Account. They also decided that revalued values of assets and liabilities were not to be recorded in the books.

Pass necessary journal entries to give effect to the above. **3**

19. (a) Miraya Ltd. took over assets of ₹ 70,00,000 and liabilities of ₹ 12,00,000 of Vishal Ltd. for a purchase consideration of ₹ 64,00,000. The payment of purchase consideration was made by issue of 50,000, 11% debentures of ₹ 100 each at a premium of 20% to Vishal Ltd. and the balance through a cheque.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Miraya Ltd. **3**

**OR**

(b) Delta Ltd. invited applications for issuing 30,000, 9% debentures of ₹ 100 each at a premium of ₹ 30 per debenture. The full amount was payable on application. Applications were received for 40,000 debentures. Applications for 2,000 debentures were rejected and the application money was refunded. Debentures were allotted to the remaining applicants on pro rata basis.

Pass the necessary journal entries for the above transactions in the books of Delta Ltd. **3**

Prepp
Your Personal Exams Guide

20. (a) पिछले कुछ वर्षों में एक फर्म का औसत लाभ ₹ 1,60,000 था । समान प्रकार के व्यवसाय में लाभ की सामान्य दर 10% है । यदि चार वर्षों के अधिलाभ के क्रय पर फर्म की ख्याति ₹ 4,00,000 है, तो फर्म द्वारा निवेशित पूँजी की गणना कीजिए । 3

**अथवा**

(b) एक व्यवसाय ने पिछले तीन वर्षों में ₹ 60,000 का औसत लाभ अर्जित किया । इसी प्रकार के व्यवसाय में प्रतिफल की सामान्य दर 12% है । व्यवसाय की निवल सम्पत्तियों का मूल्य ₹ 4,00,000 है ।

ख्याति के मूल्य की गणना कीजिए :

(i) औसत लाभों के पूँजीकरण विधि द्वारा

(ii) अधिलाभों के पूँजीकरण विधि द्वारा 3

21. मिताली लिमिटेड की पुस्तकों में निम्न लेनदेनों के लिए ऋणपत्रों के निर्गमन पर आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) ₹ 100 प्रत्येक के 7000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% बट्टे पर किया गया, जिनका शोधन 5 वर्षों पश्चात् 5% प्रीमियम पर किया जायेगा ।

(ii) ₹ 100 प्रत्येक के 8000, 11% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% प्रीमियम पर किया गया जिनका शोधन 5 वर्षों पश्चात् 5% प्रीमियम पर किया जायेगा । 4

22. विभिन्न परिसम्पत्तियों (नगद को छोड़कर) तथा बाह्य देयताओं को वसूली खाते में हस्तांतरित करने के पश्चात् अर्जुन तथा कुनाल की फर्म के विघटन पर निम्न लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) अर्जुन को विघटन कार्य की देखरेख करने के लिए नियुक्त किया गया था जिसके लिए उसे ₹ 10,000 का वेतन दिया जायेगा । उसने वसूली व्ययों को वहन करने की सहमति दी । अर्जुन द्वारा भुगतान किए गए वास्तविक विघटन व्यय ₹ 9,500 थे ।

(ii) एक लेनदार, जिसे फर्म को ₹ 9,000 देने थे, ₹ 3,000 का स्टॉक 10% बट्टे पर लेने को सहमत हुआ तथा उसे शेष का भुगतान नगद किया गया ।

(iii) कुनाल ने फर्म को ₹ 20,000 का ऋण दिया हुआ था । उसे उसके ऋण के पूर्ण निपटान हेतु ₹ 19,000 का भुगतान किया गया ।

(iv) फर्नीचर के एक भाग को जिसका लेखा पुस्तकों में नहीं किया गया था तथा जिसका संभावित मूल्य ₹ 30,000 था, अर्जुन ने ₹ 27,000 में ले लिया । 4

Prepp
Your Personal Exams Guide

20. (a) Average profits of a firm during the last few years were ₹ 1,60,000. The normal rate of return in a similar business is 10%. If the goodwill of the firm is ₹ 4,00,000 at four years purchase of super profit, find the capital employed by the firm. **3**

**OR**

(b) A business earned average profits of ₹ 60,000 during the last three years. The normal rate of return on similar business is 12%. The value of net assets of the business is ₹ 4,00,000.

Calculate the value of goodwill by :

(i) Capitalisation of average profits method.

(ii) Capitalisation of super profits method. **3**

21. Pass necessary journal entries in the books of Mitali Ltd. for issue of debentures in the following cases :

